>

Title: Need to include Santhal Pargana in Integrated Action Plan for over all development of the region.

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): आज सुबह माननीय यशवंत जी ने कहा कि झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। मैं संथाल-परगना से आता हूं और उस एरिया को उससे फायदा होगा। आज हम आतंकवाद और नक्सलवाद दोनों से जूझ रहे हैं। मैं पिछले पांच साल से केन्द्र सरकार से इंटिग्रेटेड एक्शन प्लान में अपने इलाके को शामिल करने के लिए बोलता रहा हूं। वहां आतंकवाद और नक्सलवाद मूलभूत समस्या है और उसका कारण है कि इर्रिगेशन प्रोजैक्ट जो हमारे यहां हैं वे पूरे नहीं हो रहे हैं। वहां पर महिलाएं एनेमिक हैं, बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। दिल्ली से इंडस्ट्रियल कोरीडोर जो कोलकाता जा रहा है, जोकि संथाल परगना से जाना चाहिए था, उसे रोकने की साजिश हो रही है। जगदीशपुर-हल्दिया पाइप-लाइन जो संथाल परगना में होनी चाहिए थी, वहां इंडस्ट्री बननी चाहिए थीं, आईआईटी, आईआईएम, सेंट्रल यूनिवर्सिटी आदि सारा कुछ बनना चाहिए था, लेकिन राज्य और केन्द्र सरकार दोनों इस बारे में ध्यान नहीं दे रही हैं। आपके माध्यम से यही आग्रह है कि संथाल परगना को इंटिग्रेटेड एक्शन प्लान में लाकर उसका समुचित विकास किया जाए।